Balmer Lawrie & Co. Ltd.

बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड
(भारत सरकार का एक प्रतिष्ठान)
Balmer Lawrie & Co. Ltd.
(A Government of India Enterprise)

[A Govt. of India Enterprise]
Greases & Lubricants Division
P-43 Hide Road Extension
Kolkata 700 088

Phone: 24500-116 Fax: 2439-5160

Tender No. : GLK/TE17/320 , dated 10.02.18
Due on : 07.03.18, 15.00 hours IST

**SUBJECT : Disposal of Waste Lubricating Oil mixed with different Chemicals, packed in barrels on "AS IS WHEREIS BASIS" at Kolkata.**

Offers are invited from the competent bidders for disposal of aforesaid items as mentioned above as per the list enclosed [Annexure-I] on "**AS IS WHEREIS BASIS**". The specific terms & conditions of the above tender are given below:

The Interested Bidders may obtain the tender documents from our above address, free of cost, or down load the same from our website "http://www.balmerlawrie.com"

1.0 **VALIDITY OF THE OFFERS**

The offer submitted by the bidders shall be valid for a minimum period of 45 days from the due date of this tender for our acceptance.

2.0 **Quantity :** Refer Annexure I

3.0 **CONTRACT PERIOD**

- The period of contract shall be **One Months** from the date of commencement of contract or lifting of the full order quantity [after considering the quantity tolerance] whichever is earlier.

4.0 **INSPECTION**

Inspection of disposable materials may be carried out between from the date of publication of the tender and the due date and time of the tender at our factory [as per address given above] during normal working hours with prior appointment with the Sr Manager (Stores), Phone No 24500171

The person(s) visiting our factory for inspection must bring a letter of authorization from the Organization they represent. However, Balmer Lawrie & Co. Ltd. (hereinafter referred to as BL) reserves the right to restrict / permit entry of person(s) for such inspection.

5.0 **Earnest Money Deposit (EMD) and Security Deposit (SD)**

Tender must be accompanied by EMD of Rs 15,000/- [Rupees Fifteen thousand only] by Bank Draft or Pay Order drawn in favour of Balmer Lawrie & Co. Ltd. payable at Kolkata. No interest will be payable on EMD. Offers not accompanied with EMD will not be considered. Payment by cheque will not be accepted. The EMD will be returned to unsuccessful bidder within 7 days of placement of disposal order.

The EMD of successful tenderer will be converted to SD, which will be returned to the party only after successful completion of the job. SD will be forfeited in the event of failure to abide by the terms and conditions of the contract.

## 6.0 **Eligibility Criteria :**

- Participating bidders need to submit documentary evidence issued by Pollution Control Board (either State or Central) in respect of Approval/ Consent to operate certificate/ Authorization for collection/ reception /treatment /storage/ transport/ disposing/ re-processing of waste oil under provisions of Hazardous waste (Management, handling & trans-boundary movement) Rules.

Note: Bidders whose relevant certificate from concern Pollution Control Board has expired and have applied for renewal before expiring of the same, are also eligible. However, successful bidder needs to submit the renewal copy within 15 days from the date of submission of application to concern PCB. If submission of renewed certificate is delayed, proper justification with renewal application needs to be submitted.

## 7.0 **ON-LINE bidding procedure**

a) Bidders will be informed about market design, date & time of Online Auction and shall be allotted ID login and password to enable them to participate in on-line bidding.
b) It is not necessary that bidders have to quote for all the markets. Bidders may quote for one or more markets.
c) The bidder shall first put on-line closed bid for each item as noted in **Annexure- I**.
d) The Start Bid Price [SBP] and Minimum Incremental amount shall be communicated on- line at the commencement of the forward auction.
e) The general terms & conditions of on-line bidding are given in **Annexure-II**.

## 8.0 **Price**

Rates quoted shall be as per format provided in the enclosed Price Schedule [Annexure-II] nett off all taxes & duties. GST will be charged extra to the successful bidder as per rates prevailing at the time of delivery of material. The tenderer has to provide labour, trucks etc to load/remove the material from our factory.

## 9.0 **BASIS OF SELECTION**

The basis of selection of vendors for each items shall be as under.

a) The Item wise closed bids shall be used for grading the bidders. The bidder shall be classified as "Provisional" H1, H2 etc.
b) Forward auction shall be started with start bid prices as communicated.
c) The party emerging as highest bidder in forward auction (item wise) shall be designated as final H1.

d)The final grading shall be done as follows :

- If no bid is received in forward auction, the provisional classification shall be confirmed as final.
- If H1 in forward auction is same as "Provisional H1", the provisional grading shall be confirmed as final.

c) If "Final H1" in reverse auction is a different party from "Provisional H1", the grading shall be revised whence "Provisional H1" shall become H2, "Provisional H2" shall be become H3 and so on.

- Item wise 100% order quantity shall be given to the final H1 bidder.

10.0 **<u>Payment Terms</u>**

Full payment will have to be made in advance and within 7 days of intimation/call-up by means of a Bank Draft/Pay Order. In case of payment by cheque, delivery of materials will be given only after the cheque has been credited to our account. Failure to comply shall make the Security Deposit liable for forfeiture.

11.0 **<u>Execution</u>**

- The successful bidder must ensure that entire ordered quantity shall be lifted within one month time of getting Order from us.
- The successful bidder must ensure removal of items within 10 working days [it is including the 7 days given for payment] from the date of placement of call-up which means the vendor has to lift the material within 2 days from the date of making the payment. No segregation is allowed during lifting of barrels.

12.0 **<u>Risk purchase clause</u>**

If any vendor fails to uplift the disposable materials on & above 2 days of due date of lifting [ 10 days from Call up +2 days], BL reserve the right to sell the disposal material to any other alternate sources at the risk of failed vendor and the differential cost will be recovered from them.

13.0 **<u>General Terms</u>**

BL reserves the right to award the contract to one or more parties and is not bound to accept the highest offer. BL also reserves the right to reject any or all offers received, without assigning any reasons whatsoever.

Labourer/Workmen of Contractor would have to abide by the factory Security regulations and entry inside the factory would be only against authorised Gate Passes.

All weighment [gross & nett], will be carried out at our factory and such weighment will be final & binding on the contractor.

14.0 **<u>Jurisdiction</u>**

Any dispute relating to the above disposal will be under the jurisdiction of Kolkata High Court.

15.0 **<u>Submission of Offer</u>**

(i) One copy of the tender duly sealed, signed & stamped by the Authorized Representative
(ii) Price bid as per Annexure I
(iii) Photo copy of certificate from concern Pollution Control Board, duly attested.
(iv) EMD

The aforesaid documents need to be submitted at our address in a sealed envelope within the due date and time of the tender i.e. **7th March'2018, 15.00 Hrs [IST].**

16.0 **Undertaking by the Bidder**

All bidder(s) must give a undertaking in their offer stating

"We accept all your terms and conditions stated above in TOTO".

**ANNEXURE – I**

| Sr. No. | ITEM | TOTAL ANNUAL QUANTITY (Tolerance of max + 10% ) | UOM | UNIT RATE [Rs] | AMOUNT [Rs] |
|---|---|---|---|---|---|
| | | A | B | C | D [A x C] |
| 1 | Waste Lube | 26695 | Kg | | |
| | | | | | |

Signature of Authorized Representative

Nam of Authorized Representative

Designation:

Date

Name of representative to be contacted:

Name of the Bidder

Full Address :

Sales Tax Registration No.:

Telephone No :

Mobile No.

E. mail :

Stamp of the Company bidding in this tender

ANNEXURE - II

## GENERAL TERMS & CONDITIONS OF ON LINE BIDDING

### 1.0 GENERAL CONDITIONS

1.1 Bidders shall commit to supply the product/service (being bid for) at the price entered by them in the online bid AND at the terms and conditions specified herein by the BL. All Prices entered shall be legally binding on the Bidders. Bidders are strongly advised to exercise due diligence while placing bids. Failure to honour the bids placed during the online Bid shall render the bidders liable for any penal action as deemed fit by BL or its e-bidding agent.

1.2 In the event of winning an allotment in the bidding event, the bidder shall commit to fulfil the outlined obligations under the contract.

1.3 The bidder shall bid on the terms specified by BL and place their bids in the online bid in the manner specified by our e-bidding agent. The Bidder shall not stipulate any conditions on their own unless the terms of the Client (in the BL's Terms and Conditions) expressly permit such conditions being stipulated by the Bidder. Bids entered with conditions attached shall be considered. Conditional bids and e-bidding agent retains the right of rejecting these bids even without intimating the BL.

1.4 BL or its e-bidding agent shall not be responsible for any delays in initiating the online bidding event or postponement/cancellation of the online bid proceedings due to any problem with the hardware/ software/ infrastructural facilities or any other shortcomings.

### 2.0 RIGHT OF BL

BL reserves the right to partially or totally accept or reject any/all bids placed in the Online Bidding Event without assigning any reason whatsoever. BL also retains the right to allot the requirement to more than one bidder or consolidate the requirements among one or more bidders.

### 3.0 DEFINITION OF KEY TERMS

3.1 <u>On Line bidding Event</u>

Online Bidding/Negotiation Event (Reverse Auction/ Open Request for Quotation/ Sealed Bid) refers to those negotiations conducted through the Internet with the bidders (from one or more locations) simultaneously bidding, to be selected for providing the service/s in the online bid. In other words, the venue for the online bid is on an Internet website/ platform. Any other URL assigned by e-bidding agent would constitute venue for the purpose of the online bidding event.

3.2 <u>Timing of the on-line bid</u>

All the timings of the Online Bid shall be based on the time indicated by the Server hosting the Bid/Auction Engine. It shall be the endeavour of e-bidding agent to ensure that the Server Time reflects as closely as possible the Indian Standard Time

(IST) i.e. GMT + 0530 hrs. However, in the event of any deviations between the Server Time and the Indian Standard Time, the functioning of the Bid/ Auction Engine (launch, operation, closure) would be guided by the Server Time. Bidders are advised to refresh both the windows of the online bid to check the exact Server Time (displayed in both the windows).

3.3 Preview Time & Start Time

Preview Time refers to the period of time that is provided prior to the commencement of bidding. This is to facilitate approved participants to view the bidding details such as item specifications and bidding rules. The purpose is also to familiarise participants with the functionalities and screens of the online bidding mechanism. It is not mandatory for e-bidding agent to provide Preview Time.

Start time refers to the time of commencement of the conduct of the online bid. It signals the commencement of the Price Discovery process through competitive bidding.

3.4 Auto Extension of the on-line bid timing

In the event of bids in the last few minutes of the scheduled bid time, the Bid Timings are automatically extended for a specified period from each such bid. Such Auto Extension shall continue until no bids are placed for the specified period (Engine remains inactive for the specified period). The Inactivity Time for Auto Extension purpose is normally 7 minutes. The e-bidding agent however have the right to change the same. The Inactivity Time applicable for the particular Online Bid shall be visible to the bidders under the Bidding Rules module on the engine.

3.5 End of the on-line bidding event.

End of the Online Bidding Event refers to the termination of the online bid proceedings signalling an end to the price discovery process.

बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड
(भारत सरकार का एक प्रतिष्ठान)
Balmer Lawrie & Co. Ltd.
(A Government of India Enterprise)
ग्रीस एंड ल्यूब्रीकेंट्स प्रभाग
पी-**43,** हाइड रोड एक्सटेंशन**,**
कोलकाता **– 700 088**

फोन: 2450 5300, फैक्स: 2439 – 5160

**निविदा सं.** : जीएलके/टीई 17/320, दिनांकित 10.02.18
देय तिथि : 7.03.18 , 15.00 बजे [भामास]

**विषय: कोलकाता में "जैसा है जहां है" के आधार पर बैरेल में बंद किए हुए विभिन्न रसायन मिश्रित खराब ल्यब्रिकेटिंग ऑयल का निपटान (Disposal)**

संलग्न सूची (अनुलग्नक-1) के अनुसार **"जैसा है जहां है"** के पर आधार ऊपर उल्लिखित मदों के निपटान हेतु सक्षम बोलीदाताओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। उपर्युक्त निविदा के विशिष्ट नियम एवं शर्तें नीचे दी गई हैं:

इच्छुक बोलीदाता ऊपर दिए पते से निविदा दस्तावेल निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं या हमारी वेबसाइट http://www.balmerlawrie.com से डाउनलोड कर सकते हैं।

3.0 बोलयों की वैधता अवधि

बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत बोली हमारी स्वीकृति हेतु इस निविदा की देय तिथि से कम से कम 45 दिन के लिए वैध होगी।

4.0 मात्रा : अनुलग्नक 1 देखें

3.0 ठेका अवधि

- ठेके की अवधि ठेका शुरू होने की तारीख से **एक माह** या ऑर्डर की पूर्ण मात्रा को उठाने (मात्रा टोलरेंश पर विचार करने के बाद), इनमें से जो भी पहले हों, की अवधि होगी।

4.0 निरीक्षण

निरीक्षण योग्य सामग्रियों का निरीक्षण निविदा प्रकाशित होने की तिथि और वरिष्ठ प्रबंधक (भंडार), फोन नंबर 2450171 के साथ पूर्वनिर्धारित मुलाकात द्वारा कामकाज के सामान्य घंटों के दौरान हमारी फैक्टरी (ऊपर दिए पते अनुसार) में निविदा की देय तिथि और समय के बीच किया जा सकता है।

निरीक्षण के लिए हमारी फैक्टरी में आने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) को संगठन, जिसका वे प्रतिनिधित्व करते हैं, से एक प्राधिकार पत्र अपने साथ लाना होगा। बहरहाल, ऐसे निरीक्षण के लिए व्यक्ति (व्यक्तियों) को प्रवेश देने से

मना करने/अनुमति देने का अधिकार सिर्फ बामर लॉरी एण्ड कंपनी लि. (इसमें आगे जिसे बीएल कहा गया है) के पास है।

## 5.0 बयाना जमाराशि ( ईएमडी ) और प्रतिभूति राशि (एसडी)

निविदा के साथ बामर लॉरी एंड कं. लिमिटेड के पक्ष में कोलकाता में देय बैंक ड्राफ्ट या पे ऑर्डर के रूप में 15,000 रुपये (पंद्रह हजार रूपये मात्र) की बयाना जमाराशि होनी चाहिए। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। बिना ईएमडी के साथ आने वाले प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। निपटान आदेश प्रस्तुत करने के 7 दिनों के भीतर असफल बोलीदाताओं को ईएमडी वापस कर दी जाएगी।

सफल निविदाकारों की ईएमडी प्रतिभूति राशि में बदली जाएगी, जो काम के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद ही पक्ष को वापस की जाएगी। ठेके के नियम एवं शर्तों का पालन नहीं करने के मामले में प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी।

## 6.0 पात्रता मापदंड :

- भाग लेने वाले बोलीदाताओं को "रासायनिक अपशिष्टों" या "ल्यूब-ऑयल योजकों के अपशिष्टों" से ख्राडाब तेल के संग्रहण/प्राप्त करने/शोधन/भंडारण/परिवहन/निपटान करने के लिए खतरनाक अवशिष्ट (प्रबंधन, संभलाई एवं सीमापार संचलन) नियमावली के अंतर्गत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (केन्द्र या राज्य) द्वारा जारी प्रपत्र में संचालित करने के प्रमाणपत्र/प्राधिकार पत्र हेतु स्वीकृति/सहमति के संबंध में दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

  टिप्पणी: जिन बोलीदाताओं का संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रमाणपत्र समाप्त हो चुका है, मगर उन्होंने इसके समाप्त होने से पहले इसके नवीकरण के लिए ओवदन किया हुआ है, ऐसे मामलों में, सफल बोलीदाताओं को संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से 15 दिन भीतर नवीकरण प्रति प्रस्तुत करनी होगी अन्यथा नवीकरण। आवेदन जमा करने में विलम्ब होता है तो समुचित स्पष्टीकरण के साथ। नवीकरण। हेतु आवेदन का प्रतिलिपि जमा करना होगा !

## 7.0 ऑनलाइन बोली प्रक्रिया

क) बोलीदाताओं को ऑनलाइन नीलामी के मार्केट डिजाइन, तिथि और समय के बारे में बताया जाएगा और ऑनलाइन बोली में भाग लेने के लिए उन्हें आईडी लॉगिन और पासवर्ड दिया जाएगा।

ख) यह जरूरी नहीं है कि बोलीदाता सभी मार्केटों के लिए कोट करें। बोलीदाता एक या अधिक मार्केट के लिए कोट कर सकते हैं।

ग) बोलीदाता को पहले अनुलग्नक-1 के अनुसार प्रत्येक मद के लिए ऑनलाइन बंद बोली प्रस्तुत करनी होगी।

घ) शुरूआती बोली मूल्य [ एसबीपी ] और न्यूनतम वर्धमान राशि की सूचना वायदा नीलामी शुरू होने के समय ऑनलाइन दी जाएगी।

ङ) ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के नियम एवं शर्तें अनुलग्नक-2 में दी गई हैं।

## 8.0 मूल्य

कोट की गई दरें सभी कर एवं शुल्क सहित संलग्न मूल्य अनुसूची (अनुलग्नक-2) में दिए गए फार्मेट के अनुसार होंगी। सभी सफल बोलीदाताओं से सामग्री की सुपुर्दगी के समय प्रचलित दरों के अनुसार मूल्य संवर्धित कर (वैट) लिया जाएगा। निविदाकार को हमारी फैक्टरी से सामग्री को लादने/निकालने के लिए मजूदर, ट्रक आदि मुहैया कराने होंगे।

## 9.0 चयन का आधार

प्रत्येक मद के लिए वेंडरों के चयन का आधार निम्नानुसार रहेगा:

क) बोलीदाताओं की ग्रेडिंग के लिए मदवार शीलबंद बोलियों का इस्तेमाल किया जाएगा। बोलीदाता को "अनंतिम" एच1, एच2 आदि में वर्गीकृत किया जाएगा।

ख) वायदा नीलामी यथा सूचित प्रारंभिक बोली मूल्य पर शुरू की जाएगी।

ग) वायदा नीलामी (मदवार) में उच्चतम बोलीदाता के रूप में सामने आने वाले पक्ष को अंतिम एच1 के रूप में निर्दिष्ट किया जाएगा।

घ) अंतिम ग्रेडिंग निम्नानुसार की जाएगी:

- अगर वायदा नीलामी में कोई बोली प्राप्त नहीं होती है तो अनंतिम वर्गीकरण की अंतिम के रूप में पुष्टि की जाएगी।
- वायदा नीलामी में एच1 "अनंतिम एच1" जैसी रहती है तो अनंतिम ग्रेडिंग की पुष्टि अंतिम के रूप में की जाएगी।

ङ) अगर प्रति नीलामी में "अंतिम एच1" पक्ष 'अनंतिम एच1" से अलग है तो ग्रेडिंग में संशोधन किया जाएगा और "अनंतिम एच1" एच2 बन जाएगी, "अनंतिम एच2" एच3 बन जाएगी और इसी तरह आगे।

- मदवार 100% ऑर्डर मात्रा अंतिम एच1 बोलीदाता को दी जाएगी।

## 10.0 भुगतान की शर्तें

पूरा भुगतान अग्रिम में और सूचना/कॉल-अप के 7 दिनों के भीतर बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर के रूप में किया जाएगा। चेक द्वारा भुगतान के मामले में, हमारे खाते में चेक की राशि जमा होने के बाद ही सामग्री की डिलीवरी दी जाएगी। अनुपालन नहीं करने पर प्रतिभूति राशि को जब्त कर लिया जाएगा।

## 11.0 निष्पादन

- सफल बोलीदाता को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऑर्डर की पूरी मात्रा, हम से ऑर्डर प्राप्त करने के छह माह के भीतर उठा ली जाएगी।
- सफल बोलीदाता को कॉल-अप प्रस्तुत करने की तारीख 10 दिनों (भुगतान के लिए दिए गए 7 दिन इसमें शामिल हैं) के भीतर सामग्री को हटाना जरूरी होगा अर्थात् वेंडर को भुगतान करने की तिथि से दो दिन के भीतर सामग्री को उठाना होगा। बैरलों को उठाने के दौरान अलग-अलग करने की अनुमति नहीं होगी।

## 12.0 जोखिम खरीद नियम

अगर कोई वेंडर उठाने के दो दिनों (कॉल अप से 10 दिन +2 दिन) के भीतर निपटान योग्य सामग्रियों को उठाने में विफल रहता है तो बीएल को विफल वेंडर की लागत पर निपटान योग्य सामग्री को किसी अन्य वैकल्पिक वेंडर को बेचने का अधिकार होगा और शेष लागत उनसे वसूल की जाएगी।

## 13.0 सामान्य शर्तें

बीएल को एक या अधिक पक्षों को ठेका देने का अधिकार है और यह उच्चतम बोली को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है। बीएल को बगैर कोई कारण बताए प्राप्त किसी एक या सभी बोलियों को निरस्त करने का भी अधिकार है।

ठेकेदार के मजदूर/कामगार को फैक्टरी के सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा और उन्हें वैध गेट पास दिखाने पर ही फैक्टरी में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

सभी वजन (सकल या निवल) हमारी फैक्टरी में किए जाएंगे और ऐसा वजन अंतिम होगा और सभी ठेकेदारों को

मान्य होगा।

14.0 **न्याया<u>धिकार क्षेत्र</u>**

उपरोक्त निपटान से संबंधित कोई भी विवाद कोलकाता उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आएगा।

15.0 **<u>बोली प्रस्तुत करना</u>**

(v) अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा विधिवत सीलबंद, हस्ताक्षरित और मुहरबंद निविदा की एक प्रति
(vi) अनुलग्नक 1 के अनुसार मूल्य बोली
(vii) संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का विधिवत रूप से सत्यापित प्रमाणपत्र की प्रति
(viii) बयाना राशि

उपर्युक्त दस्तावेज निविदा की देय तारीख एवं समय अर्थात् 07.03.2018, **1500 बजे** (आईएसटी) के भीतर एक सीलबंद लिफाफे में हमारे पते पर जमा कराएं।

16.0 **बोलीदाता द्वारा वचन**

सभी बोलीदाता अपनी बोली में यह वचन देंगे कि
"हमें आपके उपरोक्त नियम एवं शर्तें पूर्ण रूप से स्वीकार हैं"

अनुलग्नक-1

| Sr. No. | ITEM | TOTAL ANNUAL QUANTITY (Tolerance of max + 10% ) | UOM | UNIT RATE [Rs] | AMOUNT [Rs] |
|---|---|---|---|---|---|
| | | A | B | C | D [A x C] |
| 1 | Waste Lube | 26695 | Kg | | |
| | | | | | |

अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
अधिकृत प्रतिनिधि का नाम
पदनाम
दिनांक
संपर्क के लिए प्रतिनिधि का नाम:
बोलीदाता का नाम
पूरा पता:

बिक्री कर पंजीकरण संख्या:
टेलीफोन नंबर:
मोबाइल नंबर
ईमेल :
इस निविदा में भाग लेने वाली कंपनी की मुहर

<u>ऑनलाइन बोली के सामान्य नियम एवं शर्तें</u>

**1.0 सामान्य शर्तें**

1.1 बोलीदाता ऑनलाइन बोली में उनके द्वारा दर्ज किए गए मूल्य पर उत्पाद/सेवा (जिनके लिए बोली प्रस्तुत की जा रही है) की आपूर्ति बीएल द्वारा इसमें निर्दिष्ट किए गए नियम एवं शर्तों के अनुसार करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। सभी बोलीदाता दर्ज किए गए मूल्यों को मानने के लिए बाध्य होंगे। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि बोली प्रस्तुत करते समय पूरा यथोचित आकलन करें। ऑनलाइन बोली के दौरान प्रस्तुत बोली का पालन नहीं करने पर बोलीदाता पर बीएल या इसके ई-बोली एजेंट द्वारा यथा उचित समझी गई दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

1.2 बोली प्रक्रिया के दौरान आवंटन प्राप्त करने वाला बोलीदाता संविदा के तहत निर्धारित दायित्वों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होगा।

1.3 बोलीदाता बीएल द्वारा निर्दिष्ट शर्तों पर बोली लगाएगा और हमारे ई-बोली एजेंट द्वारा निर्दिष्ट तरीके से ऑनलाइन बोली में बोली प्रस्तुत करेगा। बोलीदाता तब तक अपने आप कोई शर्त निर्धारित नहीं करेगा जब तक कि क्लाइंट की शर्तों में (बीएल के नियम एवं शर्तों में) बोलीदाता को इस तरह की शर्तें निर्धारित करने की स्पष्ट अनुमति न दी गई हों। संलग्न शर्तों के साथ प्रविष्ट बोली पर विचार किया जाएगा। सशर्त बोली के मामले में ई-बोली एजेंट को बीएल को सूचित किए बगैर ऐसी बोली को निरस्त करने का अधिकार है।

1.4 ऑनलाइन बोली को प्रारंभ करने में विलंब और हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर/असवंरचनात्मक इकाई की समस्या या किसी अन्य खराबी के कारण ऑनलाइन बोली के स्थगन/रदद् होने के लिए बीएल या इसका ई-बोली एजेंट जिम्मेदार नहीं होगा। .

**2.0 बीएल का अधिकार**

बीएल को कारण बताए बगैर ऑनलाइन बोली में प्रस्तुत किसी एक/सभी बोलियों को आंशिक या पूर्णरूप से स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार है। बीएल को ऑर्डर को एक से अधिक बोलीदाताओं को आवंटित करने या एक या अधिक बोलीदाताओं के बीच ऑर्डर को समेकित करने का भी अधिकार है।

**3.0 महत्वपूर्ण शब्दों/वाक्यों की परिभाषा**

3.1 <u>ऑनलाइन बोली इवेंट</u>

ऑनलाइन बोली/परक्रामण इवेंट (प्रति नीलामी/कोटेशन/सील्ड बोली हेतु खुला अनुरोध) का आशय उन परक्रामणों से है जो बोलीदाताओं के साथ इंटरनेट के माध्यम से की जाती हैं (एक अधिक जगहों पर) एकसाथ बोली प्रक्रिया, ऑनलाइन बोली में सेवा/सेवाएं मुहैया कराने के लिए बोलीदाता का चयन किया जाएगा। अर्थात् ऑनलाइन बोली का स्थान इंटरनेट वेबसाइट/प्लेटफार्म है। ई-बोली एजेंट द्वारा निर्धारित कोई अन्य यूआरएल ऑनलाइन बोली इवेंट का स्थान हो सकता है।

3.2 <u>ऑनलाइन बोली का समय</u>

ऑनलाइन बोली के सभी समय बोली/नीलामी इंजन को होस्ट करने वाले सर्वर द्वारा इंगित समय पर आधारित होंगे। ई-बोली एजेंट यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि सर्वर में प्रदर्शित समय भारतीय मानक समय यानि जीएमटी

+ 0530 बजे के आसपास हों। बहरहाल, सर्वर के समय और भारतीय मानक समय में कोई अंतर होने के मामले में बोली/नीलामी इंजन की कार्यप्रणाली (प्रारंभ, परिचालन, समापन) सर्वर के समय द्वारा निर्देशित होंगी। बोलीदाताओं को सही सर्वर समय (दोनों विंडो में प्रदर्शित) जानने के लिए ऑनलाइन बोली की दोनों विंडो को रिफ्रेश करना चाहिए।

3.3 प्रिव्यू समय और स्टार्ट समय

प्रीव्यू समय वो समय अवधि है जो बोली शुरू होने से पहले मुहैया कराई जाती है। यह अनुमोदित प्रतिभागियों को बोली विवरण जैसे मद की विशिष्टियां और बोली के नियम आदि देखने में मदद करता है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को ऑनलाइन बोली प्रणाली के कार्यों एवं स्क्रीन से परिचित कराना भी है। प्रीव्यू समय मुहैया कराना ई-बोली एजेंट के लिए अनिवार्य नहीं है।

स्टार्ट समय का मतलब ऑनलाइन बोली को शुरू करने के समय से है। यह प्रतिस्पर्धी बोली के जरिये मूल्य खोज प्रक्रिया को शुरू होने का संकेत देता है।

3.4 ऑनलाइन बोली के समय का स्वत-विस्तार

जब बोली निर्धारित बोली समय के अंतिम कुछ मिनटों में होती है तो ऐसी प्रत्येक बोली से बोली का समय निर्दिष्ट समय के लिए स्वत: बढ़ जाता है। ऐसे स्वत विस्तार तब तक जारी रहेगा जब तक कि निर्दिष्ट अवधि के लिए कोई बोली प्रस्तुत नहीं की जाती है (इंजन निर्दिष्ट समय के लिए निष्क्रिय रहता है)। स्वत विस्तार के लिए निष्क्रियता समय सामान्यत 7 मिनट होता है। बहरहाल, ई बोली एजेंट को इसमें बदलाव करने का अधिकार होगा। विशेष ऑनलाइन बोली पर लागू निष्क्रियता समय को बोलीदाता इंजन पर बोली नियम माड्यूल के नीचे देख सकते हैं।

3.5 ऑनलाइन बोली इवेंट पूरा होना

ऑनलाइन बोली इवेंट के पूरा होने का अभिप्राय ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के समापन से है जो मूल्य खोज प्रक्रिया के समाप्त होने का संकेत है।